



# 7 पेटी में रखी 63 लीटर देशी शराब बरामद

## थाना सिविल लाइन पुलिस ने अवैध शराब सहित आरोपी को पकड़ा

नवभारत रिपोर्टर

**छतरपुर, 2 सितंबर. नशा मुक्ति अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सिविल लाइन पुलिस ने देरी रोड से अवैध शराब सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 7 पेटी में रखी करीब 63 लीटर देशी शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 26 हजार रुपये आंकी गई है.**

पुलिस के अनुसार पकड़ा गया आरोपी विमल खटीक निवासी बीडी कॉलोनी, देरी रोड, हत्या, हत्या के प्रयास, चोरी और आबकारी जैसे आधा दर्जन से अधिक मामलों में पहले से अपराधी है. आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है. छतरपुर पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जिले में अवैध शराब और नशीले पदार्थों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है. हाल ही में पुलिस ने 82 एनडीपीएस प्रकरण, 2000 से अधिक आबकारी प्रकरण दर्ज किए हैं तथा बड़ी मात्रा में गांजा, अफीम के पौधे, नशीली दवाइयाँ और 16 हजार लीटर से अधिक अवैध शराब जब्त की है. इस कार्रवाई में नगर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाइन बाल्मिक चौबे और उनकी टीम की विशेष भूमिका रही.




## ऑपरेशन मुस्कान- अगस्त में पुलिस ने 81 गुमशुदा बच्चों को किया दस्तयाब

छतरपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान विशेष अभियान के तहत माह अगस्त में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुमशुदा एवं अपहृत 81 बालक-बालिकाओं को दस्तयाब कर सुरक्षित परिजनों को सौंपा किया। जिले के थाना बमीठा ने 9, सिविल लाइन ने 8, लवकुशनगर ने 7, कोतवाली ने 6, गुलगंज और बक्सवाहा ने 5-5, खजुराहो, नौगांव, महाराजपुर ने 4-4, गढ़ी मलहरा, चंदला, राजनगर, भगवा ने 3-3, अलीपुरा, बड़ा मलहरा, बिजावर, ईसानगर, हरपालपुर, गौरिहार ने 2-2 तथा ओरछा रोड, जुझार नगर, प्रकाश बमोरी, किशनगढ़ और मातगुंवा ने 1-1 बालक-बालिकाओं को खोजकर परिजनों तक पहुंचाया. इन बच्चों को पुलिस टीमों ने जम्मू, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों एवं मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से दस्तयाब किया.

**वर्ष 2025 का रिकॉर्ड :** 1 जनवरी 2025 से अब तक जिले में कुल 364 बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी की गई है. इनमें बाजार, धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों से गुम हुए शिशु, बच्चे और मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है.

# हिट एंड रन पीड़ितों को मिली राहत

**6 नए मामलों में 10 .50 लाख की सहायता राशि स्वीकृत, अब तक 36 प्रकरणों में 58 .50 लाख वितरित**



**छतरपुर, 2 सितंबर. छतरपुर जिला प्रशासन ने हिट एंड रन पीड़ित परिवारों को आर्थिक राहत प्रदान की है. कलेक्टर एवं दावा निपटान आयुक्त पार्थ जैसवाल ने 6 सड़क दुर्घटना प्रकरणों में कुल 10 लाख 50 हजार रुपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है.**

**इन पीड़ितों को मिली सहायता :** आशीष नायक (घायल, 31 दिसंबर 2023, सर्किट हाउस चौराहा) 50,000, हलकाई अहिरवार (मृतक, 30 जुलाई 2022, करारागंज बस स्टैंड) 2,00,000, श्याम बाई (मृतका, 14 दिसंबर 2023, महोबा रोड महतोल तिगड्डा) पुत्र को 2,00,000, कृष्णकांत बादल (मृतक, 24 जून 2022, अलीपुरा) पुत्र को 2,00,000, पप्पूलाल अहिरवार (मृतक, 8 मार्च 2024, सिमरिया तिराहा) परिवार को 2,00,000, रति कुशवाहा (मृतका, 12 जून 2023, ग्राम मडोरी) पुत्र को 2,00,000

**अब तक का आंकड़ा:** जिले में अब तक कुल 36 हिट एंड रन प्रकरणों का निराकरण किया जा चुका है. इनमें पीड़ित परिवारों को कुल 58 लाख 50 हजार रुपए की सहायता राशि वितरित की गई है. कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने बताया कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि नियमों के अनुसार पीड़ितों को राहत उपलब्ध कराई जाए.

# दिन-दहाड़े ताले चटकाकर चोर ले उड़े जेवरात

नवभारत न्यूज

**बिलकिसगंज 2 सितंबर.** अज्ञात बदमाशों ने दिन दहाड़े तेज बारिश का फायदा उठाते हुए सूने मकान का तोड़कर नगदी सहित जेवरात पर हाथ साफ कर दिया.

जानकारी के अनुसार ग्राम बिलकिसगंज निवासी धनपाल विश्वकर्मा सोमवार को सुबह से अपने परिवार के साथ भैरूंदा हुए थे. इधर बारिश भी जमकर हो रही थी. तभी अज्ञात बदमाशों ने सूना मकान देखकर दिनदहाड़े ताला तोड़कर घर में रखी 2 जोड़ चांदी की पायल सहित अन्य जेवरात एवं 9 हजार रुपए नगदी ले भागे. धनपाल ने बताया कि जब वह शाम को घर आए तो ताला टूटा देख कर दंग रह गए. घर में घुसकर देखा तो जेवरात गायब मिले.

## एक नजर में




### एक दर्जन शिक्षकों ने किया नेत्रदान

**भैरूंदा.** राष्ट्रीय दृष्टिहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश में 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा 8 सितंबर तक मनाया जाएगा. इसी के तहत शासकीय पीएमश्री स्कूल लाड़कुई के लगभग एक दर्जन शिक्षकों ने अपना नेत्र का दान किया. लाड़कुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी नेत्र सहायक सुरेश भाटी द्वारा स्कूल पहुंचकर शिक्षकों को नेत्रदान व कॉर्निया प्रत्यारोपण को लेकर समझाइश दी गई एवं उन्हें जागरुक किया. अंतरसिंह मेहरा ने बताया कि नेत्रदान एक स्वैच्छिक कार्य है. जिसमें व्यक्ति अपनी मृत्यु के बाद अपनी आंखों का दान करता है. जिससे कॉर्निया संबंधी दृष्टिहीनता से पीड़ित व्यक्ति की दृष्टि वापस आ सकती है. उन्हें सामान्य जीवन जीने में मदद मिलती है. नेत्रदान को लेकर समाज में जागरुकता बढ़ाना और दृष्टि का उपहार देना, एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पुण्य का कार्य माना जाता है.



### पूर्व शिक्षा मंत्री पटेल की मां हुई पंचतत्व में विलीन

**बुदनी.** गत दिवस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल की माताजी श्रीमती रामरती पटेल का भोपाल के चिरायु अस्पताल में उपचार के दौरान 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को हथनौरा नर्मदा शमशान घाट पर किया गया है. इससे पूर्व पटेल के पैतृक गांव बकतरा से उनकी माता जी की अंतिम यात्रा निकाली गई. जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए. अंतिम यात्रा में शामिल हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह सहित लोगों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी.




### गेल इंडिया के खिलाफ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**आष्टा.** गेल इंडिया एथेन क्रेकर प्लांट के विरोध में कलेक्टर से जनसुनवाई के दौरान ग्राम भंवरी, बापचा, बगैर अरनिया दाउद, सहित आसपास के ग्रामीणों का गेल इंडिया भागो संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन के माध्यम से कहा कि गेल इंडिया जैसे प्रदूषण वाले कारखाने को हमारे क्षेत्र में स्थापित न करें. इस तरह का प्लांट हमें नहीं चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण प्रदूषण हो और आने वाले समय में जनजीवन प्रभावित हो. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि उक्त ग्रामों में छोटे सीमांत किसान रहते हैं और शासन उनकी भूमि अधिग्रहण करता है तो उनकी जीविका पर भी असर पड़ेगा. इसलिए हम सब लोग आज आपसे निवेदन करने आए हैं कि किसी भी कीमत पर हम गेल इंडिया का प्लांट हमारे क्षेत्र में नहीं लगने देंगे और न ही हमारी जमीन अधिग्रहण के लिए देंगे. उक्त प्लाट को अन्य किसी क्षेत्र में लगाने का कार्य सरकार करें और यदि शासन हमारी बात नहीं सुनेगा तो आने वाले समय में हम किसान एवं ग्रामीण जन उग्र आंदोलन करेंगे जिसमें नगर बंद धरना प्रदर्शन पैदल मार्च वा चक्काजाम करेंगे. जिसकी जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की रहेगी.

### पूर्व सैनिकों का वार्षिक मिलन समारोह

**सीहोर.** एक्स सर्विसमैन लीग द्वारा वार्षिक प्रोग्राम का आयोजन किया गया. जिसमें जिले के सभी पूर्व सैनिक उनके परिजन उपस्थित थे. मुकेश इटावदिया ने बताया कि यह वार्षिक मिलन समारोह प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है जिसमें विशेष अतिथि के रूप में जनरल अशोक कुमार एवं ब्रिगेडियर अरुण नायर, सेना मेडल की उपस्थिति विशेष रहती है. कार्यक्रम में बच्चे अपनी देशभक्ति से प्रेरित प्रस्तुति देते हैं .कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, सुदीप प्रजापति, डॉ गगन नामदेव, लखन ठाकुर द्वारा बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया. राष्ट्रीय गीत के साथ समारोह का समापन किया गया.

# बारिश से जनजीवन प्रभावित आकाशीय बिजली से 3 घायल



**छतरपुर, 2 सितंबर. जिले में पिछले दो दिनों से लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है, जिससे आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.**

बीती शाम बमीठा थाना क्षेत्र के पीरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों में 35 वर्षीय संगीता आदिवासी और उनके दो बच्चे 12 वर्षीय पवन और 8 वर्षीय बेटी शामिल हैं. प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है.

**नगर पालिका की लापरवाही से बढ़ रहा खतरा:** तेज बारिश के बाद वार्डों में जगह-जगह जलजमाव और गंदगी फैल गई है. इससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, लेकिन नगर पालिका द्वारा अब तक मच्छरनाशी दवाओं का छिड़काव नहीं कराया गया है. स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है. इस गंभीर मुद्दे पर नगर पालिका सीएमओ से संपर्क की कोशिश की गई, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी.

# सड़क की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट में पहुंचे ग्रामीण

**छतरपुर, 2 सितंबर. जिले के चंदला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मजरा कोरिनपुरवा के ग्रामीण आज मंगलवार को सामूहिक रूप से कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे.**

ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल जिला कलेक्टर से मिलने आया और ज्ञापन सौंपकर गांव में सड़क निर्माण की मांग रखी.

ग्रामीणों ने जनसुनवाई में बताया कि गांव तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क न होने से लोगों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. बरसात के मौसम में हालात और बिगड़ जाते हैं. कीचड़ और गड्ढों से भरे कच्चे रास्तों से न तो वाहन आसानी से निकल पाते हैं और न ही पैदल चलना संभव हो पाता है. इससे बच्चों की पढ़ाई, बीमार मरीजों को अस्पताल ले जाने और ग्रामीणों की रोजमर्रा की गतिविधियों पर सीधा असर पड़ता है. गांव के बुजुर्गों और महिलाओं ने भी शिकायत की कि कई बार गर्भवती महिलाओं या गंभीर मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता क्योंकि एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती. ग्रामीणों ने कहा कि हर साल वे इस समस्या को उठाते हैं, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ है.

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की कि जल्द से जल्द गांव में पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि बुनियादी सुविधाएं बेहतर हों और लोगों को राहत मिल सके. उनका कहना है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े आंदोलन की राह भी अपनाने को मजबूर होंगे.



## नई दिल्ली से बनारस के बीच बन्दे भारत ट्रेन चलाई जाएं

**हरपालपुर.** नई दिल्ली टू बनारस बंदे भारत ट्रेन चलाई जाने की मांग क्षेत्र वासियों ने उठाई है उल्लेखनीय होगा नई दिल्ली आगरा मथुरा ग्वालियर झांसी हरपालपुर चित्रकूट मानिकपुर बनारस तक जाने वाली ट्रेन का शेड्यूल तय कर शीघ्र ही ट्रेक पर ट्रेन चलाई जाने की मांग रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव झांसी डीआरएम से स्थानीय क्षेत्र वासियों ने मांग उठाई है.

# बारिश में बिगड़ी सड़कों की सूरत, बढ़े हादसे

**सीहोर 2 सितंबर. आंकड़ों के लिहाज से भले ही बारिश कम हुई हो, लेकिन इसने जिले की लगभग सभी सड़कों की सूरत बिगाड़ दी है. ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें हों या फिर स्टेट या नेशनल हाईवे. सड़कों के गड्ढे रोजाना हादसों को जन्म दे रहे हैं. जिम्मेदारों द्वारा पेचवर्क नहीं करने के कारण स्थित और भी दयनीय हो गई है.**

जिले की सड़कों पर एक बार फिर गड्ढों का साम्राज्य स्थापित हो गया है. हाल ही में बनी सड़कें हों या फिर कुछ साल पहले इनका निर्माण हुआ हो. बारिश के मौसम में इन सड़कों पर गड्ढों की भरमार हो गई है. ऐसे में सड़क हादसे हो रहे हैं. लोग असमय काल के गाल में समा रहे हैं. एक दिन पहले ही सोमवार को श्यामपुर मार्ग पर एक सेवानिवृत्त शिक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई. बताया जाता है कि अज्ञात वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में गलत दिशा में आ गया और सामने से आ रहे रिटायर्ड शिक्षक की बाइक में टक्कर मार दी. जिससे उनका दुखद प्राणांत हो गया था. हैरत की बात यह है कि इस मार्ग को अत्याधुनिक एफडीआर तकनीक से बनाया गया था.

# तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत, सर्चिंग जारी

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 सितंबर.** जिले के नजदीकी ग्राम खूंटियाखेड़ी में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. ग्रामीणों ने बताया कि रात में उन्हें तेंदुए की दहाड़ सुनाई दी. सुबह जब वे गांव में घूमने निकले तो कई स्थानों पर तेंदुए के पगमार्क मिले. ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग का दल पहुंचा और ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए जंगल में सर्चिंग प्रारंभ कर दी है. यह इस बरसात के मौसम में जिले में तेंदुए की तीसरी हलचल है. इससे पहले आष्टा क्षेत्र और बुधनी के एक गांव में भी तेंदुआ देखा गया था. बुधनी में तो तेंदुआ आवासीय क्षेत्र तक पहुंच गया था. बरसात के सीजन में एक बार फिर सीहोर जिले के एक ग्राम में तेंदुए की हलचल देखी गई है. उल्लेखनीय है कि इससे पहले बुधनी क्षेत्र में भी पिछले दिनों तेंदुआ आवासीय क्षेत्र में नजर आया था लेकिन इस बार सीहोर के समीपस्थ शिकारपुर पंचायत के ग्राम खूंटियाखेड़ी में तेंदुए की आहट सुनाई दी है और उसके पगमार्क भी दिखे हैं. जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना है.

जिले में इस बरसात के सीजन में बार-बार आवासीय क्षेत्र में तेंदुए की आहट सुनाई दे रही है जिसके कारण लोग भयभीत हो जाते हैं. पहले आष्टा क्षेत्र के ग्राम में, उसके बाद बुधनी के एक ग्राम में और इस बार सीहोर जिला मुख्यालय के दूरस्थ ग्राम कुटिया खेड़ी में तेंदुए की आहट सुनाई दी है.

## पर्यूषण पर्व : सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**छतरपुर.** जैन समाज द्वारा पर्यूषण पर्व के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बच्चों और महिलाओं ने अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया.

## दस दिवसीय दसलक्षण पर्व की नगर में धूम

**शाहगंज.** जैन समाज के दस दिवसीय पर्वाधिराज पर्व पर्युषन की नगर में धूम मची हुई है. श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर मे प्रतिदिन भगवान की पूजा-अर्चना, अभिषेक एवं विधान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं एवं रात्रि में आरती शास्त्र-वाचन, प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सभी समाज बंधु, महिलाएं एवं बच्चे भाग ले रहे हैं. सभी समाज बंधुओं ने धूपदशमी का पर्व भी उत्साह से मनाया. जैन मान्यताओं के अनुसार पर्युषन पर्व के अंतर्गत आने बाली धूप दशमी का काफी महत्व है. इस व्रत को विधिपूर्वक करने से मनुष्य के अशुभ कर्मों का क्षय होकर पुण्यबंध का निर्माण होता है तथा स्वर्ग एवं मोक्ष की प्राप्ति होती है.

**कार्यशाला** आदि कर्मयोगी अभियान के तहत मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला

# जनजातीय समुदाय के विकास में अभियान की भूमिका

नवभारत न्यूज

**सीहोर 2 सितंबर.** जिला मुख्यालय में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स की तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण का उद्देश्य जनजातीय विकास और परिवर्तन के लिए व्यक्तियों एवं संस्थाओं को सशक्त बनाना है.

कलेक्टर बालागुरू के ने कहा किअंतिम छोर के व्यक्ति को सशक्त बनाने के लिए संबंधित विभागों एवं एनजीओ के आदि कर्मयोगियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. ताकि वे पूरी दक्षता से इस अभियान के उद्देश्यों को सार्थक करने के लिये काम कर सकें. उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आदि कर्मयोगी के क्रियान्वयन की प्रत्येक चीजों को बारीकी से सीखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें.अभियान में जिले के अधिकारी, कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थान के सदस्य बढ़ चढकर सहभागिता करते हुए जनजातीय समुदाय के नागरिकों को सशक्त बनाने का कार्य करें.

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा यह पहल ग्राम स्तर पर योजनाओं और सेवाओं की बेहतर पहुंच, जवाबदेही और नवाचार सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई है, शासन द्वारा जनजातियों के लिए चिन्हित सभी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिया जाएगा. सभी जनजातीय क्षेत्रों में कार्य के दौरान उन कारणों को समझने का प्रयास करें जो जनजातीय क्षेत्रों में विकास में बाधक बनते हैं और उन सभी कारणों को समझते हुए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें ताकि विकास के लक्ष्यों को पाया जा सके. प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान का उद्देश्य जिले के जनजातीय समुदाय के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ देते हुए सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है.



## विमान में विराजे भगवान करेंगे आज नगर भ्रमण

**बुधनी.** हर वर्ष की तरह इस बार भी मोनी बाबा ट्रस्ट खेड़ापति हनुमान मंदिर के तत्वाधान में स्थानीय हनुमान मंदिर से डोल ग्यारस का विमान निकाला जाएगा. बुधवार को दोपहर ढाई बजे प्राचीन सिद्ध श्री हनुमान मंदिर से भगवान श्री कृष्ण बांके बिहारी का विमान डोल लेकर श्रद्धालु नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए बुधनी घाट स्थित नर्मदा घाट पर पहुंचेंगे जहां भगवान को नर्मदा स्नान कराया जाएगा. आयोजन समिति ने सभी नागरिकों और श्रद्धालुओं से भगवान की डोल यात्रा में शामिल होने की अपील की है. इसी तरह आसपास के ग्रामीण अंचलों में भी डोल ग्यारस के पावन पर्व पर बुधवार को विभिन्न मंदिरों द्वारा भगवान के विमान निकाले जाएंगे